AECC – 4.2

I Semester B.Sc. Examination, February/March 2023
(NEP Scheme)
LANGUAGE HINDI
Kahani Aur Vyakaran/Sankshepan

Time : 2½ Hours Max. Marks : 60

I. **एक–एक** शब्द या एक–एक वाक्य में उत्तर दीजिए : **(1×10=10)**

1) श्रीमती ने छोटे जादूगर को कितने रुपये दिये थे ?

2) हलवाई के घाटा भरने के लिए द्वारकानाथ ने उस आदमी को कितने रुपये दिए ?

3) लाला के चेहरे पर कौन–सी लहर दौड़ गई ?

4) 'ईमानदारों के सम्मेलन में' रचना किस विधा की है ?

5) किसने पुलिस को बुलाने के लिए कहा ?

6) हिम्मत, ईमानदारी तथा लगन से किसने अपनी पढ़ाई जारी रखी ?

7) मंजना ने लक्ष्मी की माँ से स्कूल की फी (Fee) कितनी बतायी थी ?

8) 'गौरी' किस लेखिका की प्रसिद्ध कहानी है ?

9) अपनी सजा पूरी करके सीताराम कहाँ लौटा था ?

10) सेठ घूरेलाल ने भिक्षुक के मरने पर कितने ब्राह्मणों को भोजन कराया था ?

KGF - 563 122

II. किन्हीं **दो** अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(7×2=14)**

1) "सेठजी ने रत्तीभर परवाह न की । भिक्षुक भी अपनी धुन का पक्का था । सात दिन द्वार पर बे दाना–पानी पड़ा रहा और अंत में वह वहीं पर मर गया ।"

2) "रात को गोष्ठियों से लौटा । देखा कि दो और चादरें गायब हैं । तीनों चली गयी ।"

3) "समझाकर कहता हूँ , सुनो । वह लड़का–लड़का नहीं आदमी तुम्हारी गौरी के साथ मामूली चपरासी की तरह दिखेगा ।"

P.T.O.

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(16×1=16)**

'पुनर्जन्म' पाठ के लेखक सुदर्शन जी किस तरह यह दर्शाते है कि लोभ के कारण अयोध्यानाथ जी पर किस तरह का प्रभाव पढ़ा ? यह स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

लेखक सुरेश ने 'माँ मुझे भी स्कूल जाना है' पाठ में लक्ष्मी के संघर्षमय जीवन का चित्रण किया, इसे स्पष्ट कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(5×1=5)**

1) अयोध्यानाथ

2) अमृतसर का लाला

3) प्रेमचंद

SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN FIRST GRADE COLLEGE KGF - 563 122

V. निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दीजिए : **(4×2=8)**

1) प्रयोजनमूलक हिन्दी को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

2) कार्यालयीन हिन्दी और व्यावसायिक हिन्दी में क्या अंतर है ?

3) जनसंचार माध्यम की हिन्दी के बारे में आप क्या जानते हैं ? अपने शब्दों में लिखिए ।

VI. निम्नलिखित अनुच्छेद को उचित शीर्षक देते हुए, इस अनुच्छेद का संक्षेपण कीजिए । **(7×1=7)**

बेरोजगारी की समस्या समाज में आज अत्यन्त भयंकर एवं गंभीर बन गयी है । देश का शिक्षित एवं बेरोजगार युवक अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति हडताले करने, बस जलाने एवं राष्ट्रीय संपत्ति को क्षति (नाश) पहुँचाने में कर रहा है । वही कई बार कुण्टित हो आत्महत्या जैसा भयंकर कुकृत्य कर बैठता है । कहते हैं 'खाली दिमाग शैतान का घर' कहावत को हमारे युवक चरितार्थ कर रहे हैं । सच भी है मरता क्या नहीं करता, आवश्यकता सब पापों की जड़ है । अत: चोरी, डकैती, तस्करी, अपहरण तथा आतंकवादी गतिविधियों में वह सक्रिय हो रहा है ।